मतदान बढ़ाने ग्राहकों को छूट दें होटल-रेस्टोरेंट, लगाएं बैनर-पोस्टर

एचआरएडब्ल्यूआई ने की 'मतदान करने की शपथ' अभियान की शुरुआत

भास्कर न्यूज। मुंबई. राज्य में पहले चरण की पांच सीटों पर हुए मतदान में गिरावट के बाद इस बार चुनाव आयोग मतदान बढ़ाने को लेकर गंभीर हुआ है। इस लोकसभा चुनाव के लिए आयोग ने महाराष्ट्र में 75 प्रतिशत लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में चुनाव आयोग की मदद के लिए दूसरे संगठन भी आगे आ रहे हैं। होटल व रेस्टोरेंट मालिकों के सबसे बड़े संगठन होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (एचआरएडब्ल्यूआई) ने लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपने सदस्य रेस्टोरेंट-होटल मालिकों को उंगली पर मतदान वाली स्याही दिखाने वालों को छूट देने सहित कई कदम उठाने का सुझाव दिया है। इसके लिए एसोसिएशन की तरफ से 'मतदान करने की शपथ' अभियान शुरू किया गया है।

आज हो रहा यहां मतदान, पिछले दो चुनावों में मतदान की स्थिति

सीट	साल 2014	साल 2019
बुलढाणा	61.35 %	63.56 %
अकोला	58.51 %	60.06 %
अमरावती	62.29 %	60.76 %
वर्धा	64.79 %	61.53 %
यवतमाल-वाशिम	58.87 %	61.31 %
हिंगोली	66.29 %	66.84 %
नांदेड़	60.11 %	65.69 %
परभणी	64.44 %	63.12 %

एचआरएडब्ल्यूआई के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि हम चाहते हैं कि लोकसभा चुनाव 2024 में हर नागरिक अपना वोट देकर लोकतंत्र को मजबूत बनाए। एचआरएडब्ल्यूआई ने पश्चिमी क्षेत्र के अपने सदस्यों के लिए सुझाव जारी कर उनसे मतदाता भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए अपने रेस्तरां परिसर के भीतर अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान तिथि को इंगित करने वाले बोर्ड लगाने के लिए कहा है। ताकि रेस्टोरेंट में आने वाले ग्राहकों को चुनाव की तिथि याद रहे। प्रदीप शेट्टी कहते हैं कि मतदान की अपील वाली तख्तियां लगाने के अलावा हमने यह भी सुझाव दिया है कि सदस्य प्रतिष्ठान उन ग्राहकों को भोजन बिल पर विशेष छूट प्रदान करें, जो अपनी उंगली पर मतदान वाली स्याही का निशान प्रदर्शित करते हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी मतदान जागरूकता अभियान चलाने के लिए कहा गया है।